abp न्यूज़

# गोरखपुर में खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई, नकली पनीर बनाने वाली फैक्ट्री को किया सील



**Gorakhpur News:** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में खाद्य विभाग की टीम को छापेमारी में बड़ी सफलता मिली है. टीम ने नकली पनीर की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. गोरखपुर के उत्तरी छोर पर स्थित एक कस्बे में अवैध रूप से चल रही एक फैक्ट्री पर टीम ने छापा मारा तो वहां हानिकारक केमिकल, मिल्क पाउडर और डिटर्जेंट से नकली पनीर तैयार किया जा रहा था.

टीम ने वहां पर तैयार किया गया 250 किलोग्राम नकली पनीर और घटिया क्वालिटी के पाउडर से बनाया गया 800 लीटर दूध बरामद कर उसे नष्ट करा दिया. इसके साथ ही फैक्ट्री को सील कर दिया गया. यहां हर रोज 50 से 55 क्विंटल पनीर तैयार किया जा रहा था.

**फैक्ट्री में निर्मित नकली पनीर बिहार तक होता था सप्लाई**

गोरखपुर के खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने मंगलवार देर शाम गोरखपुर मुख्यालय से 25 किलोमीटर उत्तर पिपराइच कस्बे के पास स्थित बरईपार गांव में अवैध रूप से चल रही फैक्ट्री पर शिकायत के बाद छापेमारी की कार्रवाई की. इस फैक्ट्री को नकली पनीर बरामद होने के बाद 2 मई को सील किया गया था.

गोरखपुर और आसपास के जिलों महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया के साथ बिहार तक पनीर की सप्लाई की जाती रही है. यहां हर रोज 50 से 55 क्विंटल नकली पनीर घटिया क्वालिटी के मिल्क पाउडर, स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले हानिकारक केमिकल, डिटर्जेंट, व्हाइटनर, गुलाबजल, एसेंस डालकर तैयार हो रहा था.

Source: https://www.abplive.com/states/up-uk/gorakhpur-food-department-action-fake-cheese-made-from-harmful-chemicals-factory-sealed-ann-2948033